ज्ञान का बंटवारा नहीं,केवल कठिन परिश्रम से ही होगा अर्जित : शुक्ला

शुक्ला ने विद्यार्थियों को वितरित की नि :शुल्क साइकिलें, मेधावी छात्रों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 8 जनवरी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला ने सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेहगांव में नि:शुल्क साइकिल वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मेहगांव, एसडीओपी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा विद्यालय के लगभग 65 छात्रों को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया तथा शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। **प्रदर्शनी का किया अवलोकन:**कार्यक्रम के अंत में मंत्री राकेश शुक्ला ने विद्यालय परिसर में आयोजित स्मृति प्रदर्शनी एवं छात्रों द्वारा तैयार की गई चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और छात्रों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार देखने को मिला।

परिश्रम से ही मिलती है सफलता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान का कोई बंटवारा नहीं होता, यह केवल कठिन परिश्रम से ही अर्जित किया जा सकता है। परिश्रम के बल पर ही सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, मेहगांव, भिंड जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार की छात्र कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्रों को बेहतर शिक्षा, संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में सरकार की संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध सोच का प्रमाण है।

सीधे साइकिल वितरण से बढ़ी पारदर्शिता

मंत्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले योजना की राशि छात्रों के खातों में भेजी जाती थी, लेकिन अब सीधे साइकिल वितरण से पारदर्शिता बढ़ी है और छात्रों को तुरंत लाभ मिल रहा है, जिससे उनका विद्यालय आने-जाने का समय व श्रम दोनों की बचत होती है तथा पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है। उन्होंने विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो नि:संकोच अवगत कराएं, उसका शीघ्र समाधान किया जाएगा।

एनसीसी पीएम रैली के अंतर्गत साइक्लोथोन कल भिंड पहुंचेगा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा पुणे से दिल्ली तक आयोजित एनसीसी पीएम रैली-2026 के अंतर्गत संचालित राष्ट्रप्रेरक साइक्लोथोन अभियान 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' 10 जनवरी 2026 को भिंड नगर पहुंचेगा। इस अवसर पर नगरवासियों, पूर्व सैनिकों, युवाओं एवं एनसीसी कैडेट्स से इस देशभक्ति से ओतप्रोत अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है।

इस साइक्लोथोन का नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अमरावती द्वारा किया जा रहा है। लगभग 20 सदस्यीय दल में सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स शामिल हैं, जो प्रतिदिन औसतन 70 किलोमीटर साइकिल यात्रा कर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सैन्य गौरव का संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। यह साइक्लोथोन 24 दिसंबर 2025 को पुणे से प्रारंभ हुआ, जो धुले, महू, विदिशा, सागर, ललितपुर और झांसी होते हुए 10 जनवरी 2026 को भिंड पहुँचेगा। यह अभियान पेशवा बाजीराव प्रथम के ऐतिहासिक दिल्ली अभियान मार्ग पर आधारित है, जिसका उद्देश्य भारत की अखंडता, वीरता की परंपरा और राष्ट्रीय गौरव को नई पीढ़ी से जोड़ना है। भिंड आगमन पर एमजेएस कॉलेज के समीप, सोल्जर बोर्ड के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में साइक्लोथोन दल का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 एमपी बटालियन एनसीसी, भिंड के कमान अधिकारी कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़ के दिशा-निर्देशन में संपन्न होगा। इस दौरान जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। आयोजकों द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर पर साइकिल यात्रा में सहभागी बनें। एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी ट्रैक सूट के साथ साइकिल सहित उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है। साथ ही युवाओं से अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्रसेवा के इस प्रेरणादायी अभियान से जुड़कर देशभक्ति के संदेश को मजबूत करने का आग्रह किया गया है। यह साइक्लोथोन 16 जनवरी 2026 को नई दिल्ली पहुंचेगा तथा 27 जनवरी 2026 को एनसीसी पीएम रैली के अंतर्गत इसका फ्लैग-इन किया जाएगा। नगरवासियों से अपील है कि 10 जनवरी 2026 को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक साइक्लोथोन का उत्साहपूर्वक स्वागत करें और राष्ट्रभक्ति के इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सहभागी बनें।

निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर 11 को शूजाबाद भवन में

ग्वालियर 8 जनवरी। बुधवार को पंजाबी परिषद चंबल संभाग की 11 जनवरी रविवार को शुजाबाद भवन में मल्टी स्पेशलिटी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियो को लेकर एक अहम बैठक चंबल संभाग के अध्यक्ष कन्हैया लाल आनंद के निवास पर रखी गई जिसमें सर्वप्रथम परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे परिषद के अध्यक्ष कन्हैयालाल आनंद ने आयोजन के संयोजक अजय सपरा वं सह संयोजक बबीता डाबर एवं राजू पंडित को बनाया निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर 11 जनवरी रविवार को शुजाबाद भवन पर सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक रहेगा जिसमें *विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में आने वाले मरीजों का प्रशिक्षण होगा जिसमें प्रमुख रूप से डॉ दिनेश उदानिया , डॉ अनुपम ठाकुर , डॉ आकाश मोदी , डॉ हेमंत गुप्ता द्वारा मरीजो का प्रशिक्षण होगा ।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान तेज

तीन स्थानों पर छापामार कार्रवाई, 39 हजार से अधिक की मदिरा जब्त

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान वृत्त मेहगांव अंतर्गत ग्राम अडोखर में स्थित लाखन सिंह के मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी से 67 पाव देशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी मात्रा 12.06 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 4,690 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी अनुक्रम में वृत्त गोहद के अंतर्गत मौ-ग्वालियर रोड पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश गुर्जर से 22 केन बोल्ट बीयर, 4 केन किंगफिशर बीयर, 20 पाव ओल्ड मोंक रम कुल 16.6 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई। वहीं मौ-ग्वालियर रोड स्थित यादव ढाबा पर दबिश के दौरान आरोपी सौरभ यादव से 20 पाव मैकडबल नंबर-1 व्हिस्की 16 पाव देशी मदिरा प्लेन कुल 6.48 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। दोनों प्रकरणों में जब्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 10,500 रुपये आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सघन तलाशी एवं चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

इनका रहा सराहनीय योगदान:

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार प्रजापति, अजीत यादव, कृष्णकांत शर्मा एवं आबकारी आरक्षक हरिओम शर्मा, अवधेश सिंह भदौरिया, रवि विसारिया, राहुल सिंह भदौरिया तथा जनक अर्गल का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध मदिरा से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा भिंड द्वारा गुरुवार को ग्राम कनेरा में चंबल नदी पर कनेरा सिंचाई परियोजना अंतर्गत निर्मित किए जा रहे इंटेकवेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड, एसडीएम अटेर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम कनेरा, कछपुरा एवं चौमहों का भ्रमण कर पंचायतों में संचालित शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवायसी तथा राजस्व विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की जानकारी ग्रामीणजनों एवं मौके पर उपस्थित पटवारी, पंचायत सचिव एवं ए.एन.एम. से ली गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शेष पात्र हितग्राहियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताई गई आम रास्तों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत कछपुरा में निर्माणाधीन नवीन पंचायत भवन को 26 जनवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड को दिए गए। वहीं ग्राम कनेरा में स्थित मुक्तिधाम को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एसडीएम अटेर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम चौमहों में पटवारी अरविंद चौरसिया के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश एसडीएम अटेर को दिए।,

कलेक्टर ने ग्राम चौमहों में निर्माणाधीन नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक सुधार करने तथा नवीन सीएम राइज स्कूल भवन को जल्द से जल्द हैंडओवर कराने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिए। इसके साथ ही ग्राम कनेरा के तालाब के जीर्णोद्धार के लिए सीईओ जिला पंचायत भिंड को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के इस निरीक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाने एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की दिशा में प्रशासनिक सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

एरियर गड़बड़ी का मामला ठंडे बस्ते में, कार्रवाई अधर में

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। जिले के कृषि विभाग में वर्ष 2018 से 2022 के बीच कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर भुगतान में गंभीर अनियमितताओं का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विभागीय जांच में यह सामने आया था कि कर्मचारियों का एरियर गलत तरीके से निकाला गया, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान हुआ। जांच के दौरान जिला कृषि अधिकारी सहित कुल 7 अधिकारी-कर्मचारी दोषी पाए गए थे। हालांकि, मामले में वर्ष 2024 में खानापूर्ति के तौर पर केवल एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन इसके बाद अब तक कोई ठोस विभागीय या कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इससे पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े हो रहे हैं और विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है। सूत्रों के अनुसार, इस गंभीर मामले को लेकर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल से संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, चंबल संभाग मुरैना को पत्र भेजा गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से यह जानकारी मांगी गई है कि गबन सिद्ध होने के बाद दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है? पत्र भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है, जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि मामले को जानबूझकर दबाया जा रहा है।

इनका कहना है...

आर एस शाक्यवार, संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास चंबल संभाग मुरैना सें कार्यवाही के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया मुझे ऐसा कोई पत्र अभी नहीं मिला मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

विभाग की योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। कलेक्टर भिंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय प्रशासन विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, पेयजल आपूर्ति, अमृत योजना, समग्र ई-केवाईसी, निर्माण कार्यों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान को और अधिक गति दी जाए, शहरों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही समग्र ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने सभी योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक लेखा समिति की बैठक आयोजित

ग्वालियर 08 जनवरी। लोक लेखा समिति की बैठक आज बुधवार को समिति के अध्यक्ष अनिल सांखला की अध्यक्षता में नगर निगम, मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य मनोज राजपूत, ममता अरविन्द शर्मा, गीता भूपेन्द्र कुशवाह एवं अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला उपस्थित रहीं। बैठक में पूर्व में मांगी गई जानकारी पूर्ण न आने पर समिति सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं प्रकोष्ठ व विभाग प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से मप्र कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर द्वारा स्वीकृत जिला कार्यकारिणी की प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने घोषणा की।

जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह कुशवाहा, अय्यूब खान उर्फ रज्जू , एड. जितेंद्र बहादुर सिंह, रमेश चंद्र वर्मा, राघवेंद्र दौहरे उर्फ राजू । महामंत्री अरविंद कुमार दीक्षित, चन्द्रशेखर गोयल, हरेन्द्र सिंह गुर्जर, विकास प्रताप सिंह भदौरिया, सोबत खान, सचिव रामनिवास कुशवाहा, कैलाश पवैया, पुनु खान मंसूरी, राजेश सिंह बघेल, इकबाल खान,श्री कृष्ण यादव उर्फ विक्की। सहसचिव ईशाक खान, अरविंद सिंह गुर्जर, राजेंद्र कुमार, आकाश सिंह धाकड़। कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र जैन। सदस्य गण सुरेश कुमार ओक्षा, रमाकांत शर्मा, समसुल कमाल खान, लक्ष्मण सिंह राजपाली।

जीएमए का 32वाँ स्थापना दिवस आज मनेगा

ग्वालियर। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, नई दिल्ली से संबद्ध GMA अपना 32वाँ स्थापना दिवस आज भव्य एवं गरिमामय समारोह के साथ मनाने जा रही है। यह जानकारी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ मनोज पटवर्धन एवं मानसेवी सचिव श्याम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर निजी शिक्षण संस्थाओं में एक मैनेजमेंट का स्टूडेंट चेप्टर के साथ तीन सम्मान भी किए जाएंगे जिसमें स्थापित उद्योग एवं शिक्षण संस्थाओं के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में से तीन अलग अलग लोगों को चयनित किया गया है जिन्हें उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में प्रमुख रूप से श्रीमती अनीषा श्रीवास्तव , कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र एवं सीईओ, साडा ग्वालियर, प्रो. आर.के. कोटनाला, विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं चेयरमैन, न्यू साइंस क्रिएटर्स इंस्टीट्यूट, मुख्य रूप से शामिल रहेंगे।

कक्षा 8 तक के स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 8 जनवरी। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा भिंड ने जिले में वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक सर्दी, शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट तथा मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार भिंड जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आई सीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 09 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि विद्यालयों के शिक्षक एवं स्टाफ नियमित समय पर उपस्थित रहेंगे और अन्य शासकीय एवं प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। पूर्व से निर्धारित महत्वपूर्ण गतिविधियां एवं परीक्षाएं यथावत संचालित रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें, वहीं विद्यालय प्रबंधन से निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

जहरीले पानी से हुई 20 मौतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च

11 को इंदौर में होने वाले जन आक्रोश प्रदर्शन में भिंड जिले से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 8 जनवरी। ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने प्रेस वार्ता में कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला एवं दूषित पानी पीने से अब तक 20 निर्दोष नागरिकों की मौत और 1000 से अधिक लोगों के बीमार होने की भयावह घटना ने भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासनिक विफलता को उजागर कर दिया है। यह केवल हादसा नहीं,बल्कि शासन की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि इन मौतों और आम नागरिकों की जान से खुलेआम खिलवाड़ के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 जनवरी, रविवार को सुबह 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा चौक स्थित माँ अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थल तक प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे।इसमें जिला भिण्ड से हजारों कार्यकर्ता इंदौर पहुचेंगे। पैदल मार्च के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की प्रमुख मांगें होंगी। इंदौर के महापौर को तत्काल पद से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता एवं पत्रकार के प्रति अमर्यादित भाषा और असंवेदन शील रवैये के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए। जहरीले पानी से हुई मौतों के लिए सरकार द्वारा घोषित 2 लाख रुपये का अपमानजनक मुआवजा बढ़ाकर प्रति मृतक परिवार को 1 करोड़ रुपये दिया जाना चाहिए। पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का आरोप दर्ज किया जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा,कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों को सजा नहीं दी जाएगी, तब तक कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। यह पैदल मार्च केवल विरोध नहीं,बल्कि जनता के जीवन,सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस जन इस जनविरोधी फैसले का देश के हर गाँव में विरोध करेंगे,और 45 दिनों का देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलायेंगे। वार्ता में उपाध्यक्ष महेश जाटव, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, संगठन मंत्री इरशाद अहमद, सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप गोयल, अरविंद यादव, राजेंद्र सिंह यादव, खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ ग्रामीण जिलाध्यक्ष अतुल यादव, सरपंच अंकित जाटव, सत्यवीर सिंह, संदीप बघेल, प्रमोद बघेल, अजय बघेल,सतीश बघेल उपस्थित रहे।

सकल ब्राह्मण महासमिति की बैठक में चर्चा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 08 जनवरी । सकल ब्राह्मण महासमिति की पदाधिकारियों की बैठक प्रधान कार्यालय जिंसी नाले पर सकल ब्राह्मण महासमिति की संरक्षिका श्रीमती अंजू दीक्षित के मुख्य आतिथ्य में तथा मुख्य वक्ता डॉ अनुराधा तिवारी द्वारा महिला संयुक्त अध्यक्ष संगीता शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन सकल ब्राह्मण महा समिति के महामंत्री डॉक्टर मन्नालाल शर्मा, महिला महामंत्री रचना गौड ने किया। भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज, डॉ मुन्ना लाल शर्मा, देवेन्द्र कुमार पाठक,अशोक कुमार शर्मा, राजेश अवस्थी, राम कौशल शर्मा, योगेंद्र दीक्षित, पंडित ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री, योगेश मिश्रा, अन्जू दीक्षित, संगीता शर्मा, अशनदंसंध्या शर्मा, अलका मिश्रा, मंजू दीक्षित, डॉ.अनुराधा तिवारी, आशा त्रिपाठी कर हनुमान चालीसा पाठ किया।